हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

21 प्रकार की दिव्यांगता की दी जानकारी, बताया गया ... 10



कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं 10



## खबर संक्षेप

### नक्सली मुठभेड़, दण्डाधिकारी जांच में दे सकते हैं जानकारी

**बीजापुर।** थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत 16 जनवरी को ग्राम तुमरेल के जंगल पहाड एवं तमिलभट्टी के मध्य हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर 12 अज्ञात महिला-पुरुष माओवादी का शव मिला। एक 303 रायफल, 3 बीजीएल लांचर, 4 भरमार बंदूक, दो 303 का मैग्जीन, 10 नग 303 का जिन्दा राउण्ड, 4 नग 303 का मिस राउण्ड, 7 नग 12 बोर बंदूक का कारतूस, 1 नग देशी राकेट लॉन्चर, 15 नग देश बीजीएल सेल 11 नग एके-47 के खाली केश 2 नग एसएलआर के खाली केश 1 नग बड़ा टिफीन बम, 2 नग छोटा टिफीन बम, 11 नग बीजीएल सेल, 22 नग डोटेनेटर खाली के 1 नग फिनो पेमेन्ट बैंक महीन, 5 नग मेकेनिजम, 7 बंडल बिजली वायर 4 नग सिविल बैग तथा नक्सल साहित्य एवं दैनिक अन्य उपयोगी वस्तुए बरामद की गई। इस संबंध में जानकारी देने 5 अप्रैल 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी उसूर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करने एसडीएम ने सूचना जारी की है।

### 12 वीं बोर्ड परीक्षा में गैरहाजिर रहे 84 विद्यार्थी

**जगदलपुर।** 12वीं बोर्ड परीक्षा में जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र विषय की आज हुई परीक्षा में 84 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि बस्तर जिले के कुल 105 परीक्षा केन्द्र में दर्ज संख्या 5340 में 5256 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कहीं पर भी नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ हैं।

### नानगुर एवं दरभा तहसील में तहसीलदारों की पदस्थापना

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने तहसील नानगुर एवं दरभा में तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की है। तहसीलदार दरभा सुश्री दीपिका देहारी को तहसीलदार नानगुर के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं राज्य शासन द्वारा तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता को दंतेवाड़ा जिले से बस्तर जिले में स्थानांतरित किये जाने के फलस्वरूप तहसीलदार दरभा पदस्थ किया गया है।

### आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों को आठ लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के ग्राम सुलेंगा निवासी रूखमीन की मृत्यु पानी में डूबने से पति हेमचंद मण्डावी तथा तहसील जगदलपुर के ग्राम धनपूंजी निवासी सोनसाय की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी जेमवती प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी गई है।

### तिरिया का नक्शा-खसरा तैयार 30 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा जिले के तहसील नानगुर अंतर्गत ग्राम तिरिया पटवारी हल्का नम्बर-11 में छत्तीसगढ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107 व 114 के नियम के अधीन कृषकों के कब्जा अनुसार नक्शा तथा खसरा तैयार कराया गया है। जिसके आधार पर अंतिम प्रकाशन में प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात संहिता की धारा 233 से 235 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार निस्तार पत्रक, रूढ़िपत्रक तथा धारा 108 के तहत अधिकार अभिलेख एवं अन्य सुसंगत अभिलेख तैयार कराया जाएगा। 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा-आपत्ति तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# न्यायाधीश का काम बोलना कम, सुनना ज्यादा : मीनाक्षी

## स्थानांतरित न्यायाधीशों को अधिवक्ता संघ ने दी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में सोमवार को ग्रंथालय कक्ष में स्थानांतरित न्यायाधीशगणों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश राजीव कुमार, पास्को न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश जगमोहन शंकर पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मीनाक्षी नाग एवं श्रीमती दंतेश्वरी नेताम को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेश्वरी नेताम ने कहा कि उनपर मां दंतेश्वरी की विशेष कृपा है। तभी माता पिता ने नाम दंतेश्वरी दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता और न्यायाधीश का कार्य एक फाइल से जुड़ा होता है, कार्य के दौरान व्यवहार फाइल तक ही सीमित रहे व्यक्तिगत जीवन में उन बातों को ना ले। उन्होंने बताया कि वे कक्षा पहली से 12वीं तक की पढ़ाई जगदलपुर में ही की है। प्रथम पदस्थापना भी जगदलपुर में ही हुई। उन्होंने बार के अनुभव को आत्मसात करने की बात कही। न्यायाधीश मीनाक्षी नाग ने कहा कि हमारा काम बोलना कम, सुनना ज्यादा है। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष पवन राजपूत सहसचिव संतोष चौधरी, ग्रंथपाल विजय प्रकाश दास,कोषाध्यक्ष दिनबंधु रथ, कार्यकारिणी सदस्य रमेश पाणिग्रही, मौसम लुणावत ,श्रवण शुक्ल, संगीता ब्रिज, पूनम बाजपेई समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।




### 3 साल कैसे बिता पता नहीं चला

काम को लेकर बार के अधिवक्ताओं से सकारात्मक सहयोग मिलने की बात उन्होंने कही। पास्को न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश जगमोहन शंकर पटेल ने कहा कि बस्तर संभाग के भानुप्रतापपुर और पखांजूर में पहले कार्य किए। जगदलपुर पोस्टिंग के बाद ही जगदलपुर आने के बात कहते हुए कहा कि 3 साल कैसे बिता पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि पास्को न्यायालय में उपस्थित होने वाले अधिवक्ताओं के अलावा अन्य अधिवक्ताओं से मुलाकात नहीं हुआ। परिवार न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश राजीव कुमार ने छत्तीसगढ़ का सबसे अच्छा बार कहते हुए कहा कि स्थानांतरण एक नियमित प्रक्रिया है। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार दास ने सभी न्यायाधीशों के कार्यकाल को अविवादित बताते हुए उनके व्यवहार के प्रति आभार व्यक्त किया और नए कार्य स्थल के लिए शुभकामना प्रेषित किया तथा पदोन्नति पर पुनः जगदलपुर आने की कामना मां दंतेश्वरी से की। संचालन बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव लिखेश्वर जोशी ने किया।

### ओडिशा बीजू जनता दल के इन्द्रावती-जोरा संगम में एक्शन के बाद बस्तर के किसानों का रिएक्शन

# बस्तर को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिला तो मंत्री, सांसद व विधायक निवास का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा बीजू जनता दल के पूर्व मंत्री के नेतृत्व में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और छत्तीसगढ़ सीमा के बस्तर से सटे कोटपाड़ क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान इन्द्रावती नदी-जोरा संगम स्थल पर बस्तर की ओर जल प्रवाह सुगम करने के ओडिशा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जोरा नाला में इन्द्रावती नदी में बने कंट्रोल स्ट्रेक्टर के ऊपर रखे रेत की बोरिया को हटा दिया। ताकि इन्द्रावती नदी का प्रवाह ओडिशा क्षेत्र के 8 पंचायतों के किसानों को पानी सुगमता से मिले।

- नारायणपाल में इन्द्रावती नदी संघर्ष समिति की बैठक में किसानों ने लिया निर्णय

ओडिशा बीजू जनता दल के इस एक्शन के ठीक दूसरे दिन बस्तर में इन्द्रावती बचाओ संघर्ष समिति के सैकड़ों किसानों का रिएक्शन सामने आया। यही वजह है कि बस्तर जिले के इन्द्रावती नदी तट पर बसे हजारों किसान व ग्रामीण जो इस वर्ष गर्मी के शुरूवाती दौर से ही पानी से जूझ रहे, बस्तर ब्लाक के नारायणपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इन्द्रावती नदी में दोनों राज्यों के मध्य 1972 में तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चन्द्र सेठी एवं ओडिशा की तत्कालीन मुख्यमंत्री नंदिनी सत्पथी के मध्य गैर मानसून सीजन में दोनों राज्यों को 50-50 प्रतिशत पानी का बंटवारा हो। लेकिन जल समझौते के शर्तों का पड़ोसी प्रांत ओडिशा लगातार अनदेखी कर बस्तरवासियों को पानी के लिए त्राहि-त्राहि मचाने पर आमादा है। सोमवार को बस्तर जिले के नारायणपाल में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा 22 गांवों के किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सैकड़ों किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 मार्च को जल संसाधन मंत्री, सांसद और विधायकों से मुलाकात करेंगे7 उसके बाद पर्याप्त रूप से पानी नहीं आने से उनके निवास का घेराव करेंगे। साथ ही जल संसाधन विभाग और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ संघर्ष तेज करेंगे।



### पानी नही मिला तो करेंगे जल सत्याग्रह

*किसानों ने बताया कि यदि सरकार पानी देने में असक्षम है, तो इंद्रावती नदी से प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर इंद्रावती नदी जल सत्याग्रह करेंगे, इसकी भी तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी में जल की मांग को लेकर ओड़िशा जोरानाला तक जाएंगे। जोरानाला में अनशन में बैठने की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान लखेश्वर कश्यप, वीरसिंह बघेल, आयतूराम कश्यप, सुभाष कश्यप, हेमराज बघेल, गंगा बघेल, जलंधर कश्यप, पूरन सिंह कश्यप, कृपालु कश्यप, बुधूराम कश्यप, जयमन मौर्य, गोवर्धन सेठिया, बुदराम मौर्य, सुदरू सेठीया, धनसिंह सेठीया आदि उपस्थित थे।*

### पर्याप्त पानी नहीं मिलने से फसल हो रही बर्बाद

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी खेती बर्बाद हो रही है और जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण नदी के पानी का सही तरीके से प्रबंधन नहीं हो पा रहा है। नदी का पानी न तो ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है और न ही कृषि के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके चलते खेतों में सूखा पड़ा है। किसानों की स्थिति गंभीर हो गई है। बैद्यनाथ मौर्य ने कहा कि इस संघर्ष में वे पूरी तरह से एकजुट हैं और किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ उनकी आवाज बुलंद होगी। इसके अलावा किसानों ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती है, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और सड़कों पर उतरेंगे।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

कंपनी का आयरन ओर का डस्ट याने टेलिंग्स लोगों के लिए आफत बन रहा है। अब तो ट्रांसपोर्टर भी कहर बरपा रहे हैं। लाल मिट्टी से लदे ट्रकों के खूनी पहिए राहगीरों को रौंद रहे हैं। कटेकल्याण ब्लॉक के भूसारास करियारपारा में बाइक सवार मंगू (25) को तेजरफ्तार हाईवा ने सोमवार को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक उछलकर दूर जा गिरा और घायल हो गया। ट्रक के पहियों ने बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल चालक को गांव के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सैकड़ों की संख्या में खूनी वाहन रात-दिन सड़क से गुजर रहे हैं। यदि वाहनों पर जिला प्रशासन ने नकेल नहीं कसी तो ग्रामीण खुद सड़क पर उतर कर वाहनों को आंदोलनरत होकर रोक देंगे।



### सड़क के दुश्मन है लालमिट्टी के ट्रांसपोर्टर

दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के लिए लाल मिट्टी अभिशाप से कम नहीं है। जिन आदिवासी इलाकों में सड़क कई दशकों बाद मिली है, उन सड़कों को ट्रांसपोर्टरों ने सिर्फ कुछ महीनों में ही जमींदोज कर दिया है। हालात ये है जहां से लालमिट्टी से लदे ट्रक गुजर रहे है उस सड़क पर डामर तक नहीं बची है। बैलाडीला से ओव्हर लोड भर कर हाईवा पालनार रोड, नकुलनार रोड, अंदरूनी इलाकों में टिकनपाल सड़क, किरन्दुल से कड़मपाल सड़क पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। जबकि ये सड़कें नक्सलग्रस्त इलाकों में बमुश्किल मिली है। इन सड़कों की क्षमता महज 12 टन की है। दिन में तो दौड़ ही रहे हैं,लेकिन रात को ट्रांसपोर्टर वाहनों की संख्या चौगुनी कर देते हैं।

### कुछ नहीं कर सकते: जिला परिवहन अधिकारी

जिला परिवहन अधिकारी गौरव पाटिले ने कहा कि वे कुछ नहीं कर सकते हैं। उनके पास स्टॉफ की भारी कमी है। स्टॉफ तो छोड़ों इन वाहनों पर जिस विंग को काम करना है वह भी इस जिले में मौजूद नहीं है। अधिकारी कहते है बिना उड़नदस्ता के कार्रवाई कर पाना संभव नहीं है। जिले में अंदरूनी इलाकों की सड़कों से भारी वाहन गुजरने की जानकारी भी नहीं है।

## महिलाओं एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महिलाओं एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार व उत्पीड़न की रोकथाम की घटनाओं की रोकथाम व निवारण के लिए सोमवार को शौर्य भवन में एसपी शलभ कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

डीएसपी सायबर गीतिका साहू ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार एवं उत्पीड़न की घटनाओं के रोकथाम एवं निवारण के लिए आर्यरत जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण समिति के अध्यक्ष एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश में पुलिस व महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कॉर्डिनेशन सेंटर लाल बाग स्थित शौर्य भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। डीएसपी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत सक्रिय महिलाओं, जिला प्रशासन में महिला एवं बालकों के अनैतिक व्यापार को रोकने की दिशा में कार्यों का क्रियान्वयन कर रहे विभागों के बीच तालमेल बनाते हुए महिलाओं और बच्चों को जागरूक करना था। इस अवसर पर डीडीपीओ आरके मिश्र, जिला संरक्षण अधिकारी वीनू हिरवानी व सायबर जगदलपुर द्वारा जिले के ब्लॉक स्तर की कार्यकारी समिति के महिला सदस्यों को महिलाओं से संबंधित कानून, उनके अधिकार, नवीन कानून में महिलाओं के प्रावधान, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति एप का उपयोग एवं संचालन तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।



## बनियागांव में पुलिस की रेड, एमपी की 24 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भानपुरी पुलिस ने लगातार दूसरे दिन बनियागांव में रेड कार्रवाई करते हुए 24 पेटी एमपी की अगें्रजी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से स्कार्पियो वाहन, 1.62 लाख की शराब व मोबाईल जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

अवैध शराब की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने निरीक्षक अमित पद्मशाली थाना प्रभारी भानपुरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा फरार आरोपी झरेन्द्र मानिकपुरी 32 वर्ष निवासी बनियागांव खासपारा की पतासाजी कर बनियागांव से हिरासत में लिया गया। पूछताछ कर आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी शराब गोवा व्हीस्की का 24 पेटी 216 बल्क लीटर शराब कीमत 1 लाख 62 हजार रुपए तथा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 17 एलबी 4518 तथा मोबाईल बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।



## माता मंदिर तोड़ने के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा को सद्बुद्धि देने किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम क्षेत्र पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित अवंतिका कालोनी में दुर्गा मंडप में निर्माणाधीन माता मंदिर को नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों तोड़ दिया गया था। इसके विरोध में सोमवार को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मोर्य के नेतृत्व में दुर्गा मंडप माता मंदिर स्थल पर यज्ञ हवन किया गया। इस दौरान धर्म के आधार पर राजनीति करने वाली और हिन्दू हितों का ढोंग करने वाली भाजपा को सद्बुद्धि देने की आहुति हवन कुंड में विसर्जित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी और कांग्रेसी सम्मलित थे। सुशील मौर्य ने कहा भाजपा शुरू से ही एक जाति को दूसरे जाती से लड़ाने का काम कर राजनीति रोटी सेकने का काम कर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने पर विश्वास करती है। राम मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थल की दुहाई देने वाली भाजपा शहर में मंदिरों को तोड़ हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ करने में लगी है। कांग्रेस सभी धर्म जाति को साथ लेकर सभी वर्ग के धार्मिक स्थलों का सम्मान करती है। हम भाजपा के मंदिर तोड़ने का विरोध करते है। साथ ही भाजपा के सांसद,विधायक और महापौर से माफी मांगने की मांग करते हैं।



### समापन समारोह में अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

## बस्तर की सांस्कृतिक खुशबू को देश-दुनिया तक पहुंचाने बस्तर पंडुम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पण्डुम के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन लोक संस्कृति की अनुपम छटा के साथ रविवार को स्थानीय प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर सांसद बस्तर महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन तथा सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों ने समूचे जिले के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिले के सभी ब्लॉकों के प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम में बारिश के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर सांसद महेश कश्यप ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य, अपार खनिज संपदा और जनजातीय संस्कृति से समृद्ध होने के फलस्वरूप समूचे विश्व में प्रसिद्ध है। जिले के प्रतिभागी इतनी बड़ी संख्या में बस्तर पंडुम के इस आयोजन में सहभागी बने हैं। हमारे पूर्वजों ने बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को सहेज कर रखा और हमें यह समृद्ध विरासत मिला है। वर्तमान समय में भावी पीढ़ी अपनी संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाज से दूर होती जा रही है, इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करें। बस्तर की सांस्कृतिक खुशबु को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। यहां की संस्कृति, परम्परा, तीज-तिहार अलग-अलग कलाओं एवं रीति-रिवाज को पहचान देने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। सांसद ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस आयोजन से बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परम्परा, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलिंपिक कराने का मूल उदेश्य यहां के युवा माओवाद से मुक्त होकर मुख्यधारा में जुड़ें तथा हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की मंशानुरूप बस्तर को मार्च 2026 तक माओवाद समस्या मुक्त कर बस्तर को शांति का टापू बनाएंगे।

बस्तर पंडुम समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि यह महोत्सव हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का अवसर है। उन्होंने आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।



## शहर में अतिक्रमण, निगम आयुक्त से मिला कांग्रेस का दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा सड़क किनारे बसे छोटे फुटकर व्यावसायियों के दुकान हटाए जाने और उन्हें अभी समुचित व्यवस्थित नही किये जाने पर निगम आयुक्त से मुलाकात कर मांग पत्र सौपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य ने कहा गरीब फुटकर दुकानदारों के दुकान हटाकर भाजपा की नगर सरकार उनके पेट में लात मारने का काम कर रहा है। दिहाड़ी मजदूरी काम कर फुटकर व्यापारी जैसे तैसे अपना और परिवार का भरण-पोषण कर रहे है। ऐसे में एकाएक उन्हें बेदखली की कार्रवाई करना अनुचित है। हम निगम सरकार के इस कृत्य का विरोध करते है। मोर्य ने आयुक्त से कहा कि शीघ्र इन व्यापारियों को व्यवथापन कर उन्हें व्यापार करने का मार्ग सुलभ करे,नही तो ऐसे गरीब व्यापारियों के समर्थन में कांग्रेस आंदोलन करने पर बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,पार्षद राजेश चौधरी, कोमल सेना,रविशंकर तिवारी, कविता साहू,राजेश राय,सुषमा सुता, ललिता राव, लोकेश चौधरी, शादाब अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

# नपा की पहली सामान्य सभा में कई विकास कार्यों पर निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरपति पटेल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की अनुशंसा की गई। इसके तहत विकास नगर गार्डन के सौंदर्यीकरण हेतु निविदा जारी की गई। वहीं, शहर विकास योजना के तहत 30 लाख रुपये के कार्यों की कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में नगरपालिका क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निर्णय लिए गए। नालियों में कचरा फेंकने और सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर जुर्माना लगाने का फैसला किया गया।

■ विकास नगर गार्डन के सौंदर्यीकरण के लिए जारी की गई निविदा

## ग्रीष्मकाल में मोटर पंप से पानी खींचने वाले लोगों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

इसके अलावा, ग्रीष्मकाल में मोटर पंप से पानी खींचने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी मोटर जब्त करने और नल कनेक्शन विच्छेद करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि जो दुकानदार लंबे समय से दुकान लेकर प्रीमियम राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनकी दुकानें निरस्त की जाएंगी। इसी तरह, सामुदायिक भवन को लेकर आई शिकायतों पर उसे निरस्त करने का निर्णय लिया गया। नगर क्षेत्र में व्यावसायिक होर्डिंग लगाने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर के गोठान का संचालन यादव गौसेना सेवा समिति को देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित सभी पार्षदगण उपस्थित रहे।

गैप आईडेंटिफिकेशन कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# 21 प्रकार की दिव्यांगता की दी जानकारी, बताया गया दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड स्तरीय समावेशी शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय विकासखंड स्त्रोत केंद्र फरसगांव में किया गया इस आयोजन में विकासखंड के प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षक व दिव्यांग बच्चों के पालक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में वातावरण निर्माण कार्यक्रम एवं गैप आईडेंटिफिकेशन कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत 22, 23 व 24 मार्च को बीआरसी अशोक मरकाम के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सौम्य देवांगन के द्वारा शिक्षकों को समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को विद्यालय स्तर पर पहचान एवं शासन की सुविधा मुहैया करने हेतु किए गए प्रावधानों पर चर्चा किया गया। प्रथम चरण में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 100 शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यालय स्तर पर अध्यनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ-साथ उनका विभाग द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।



## दिव्यांगों को पहचानने के बारे में बताया

*प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सौम्य देवांगन के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगों की जानकारी दी गई एवं अलग-अलग दिव्यांग बच्चों का किस प्रकार से पहचान किया जाना है इसके संबंध में शिक्षकों को जानकारी दी गई। गैप आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक एवं विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के पालकों का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर शुभांगी देवांगन एवं अतुल सिंह रोल स्पेशल एजुकेटर के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता की जानकारी एवं शासन की सुविधाओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सौम्य देवांगन के द्वारा दिव्यांग बच्चों के प्रति शिक्षकों के दायित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया प्रशिक्षण में प्राथमिक एवं माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी विद्यालय से शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।*

## ये रहे उपस्थित

इस शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन आदरणीय जिला कलेक्टर जिला कोंडागांव के आदेश अनुसार डीएमसी ईमेल बघेल के निर्देशन में आयोजित किया गया प्रशिक्षण में बीआरसी अशोक मरकाम बीआरपी भास्कर वर्मा सौम्य देवांगन शुभांगी देवांगन अतुल शिहरोल सुदीप द्विवेदी, ओमप्रकाश सेठिया, गजेंद्र धर्गुड्डी संकुल समन्वयक एवं शिक्ष गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित आज साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर के समक्ष मूलनार गांव के ग्रामीणों ने दूरसंचार सुविधा नहीं होने से ग्रामवासियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए मोबाइल टॉवर लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने गांव में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र को जल्द पूर्ण कराने की भी मांग की। ग्राम मोहनबेड़ा के ग्रामीणों ने वन भूमि में अतिक्रमण को रोकने की मांग की। ग्राम पंचायत किवईबालेंगा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला बालेंगापारा के भवन जर्जन स्थिति की जानकारी देते हुए नये भवन की मांग की। साथ ही शाला परिसर में पेयजल की समस्या की जानकारी देते हुए नये नलकूप खनन और अहाता भवन की आवश्यकता की जानकारी भी दी।

■ अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

जनदर्शन में इसके अलावा कृषि भूमि में अवैध कब्जा, संयुक्त स्वामित्व की भूमि के अवैध बिक्री पर रोक लगाने, सीमांकन सहित विभिन्न शिकायतों को लेकर आवदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायगढ़ में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के परिणाम घोषित

**कोण्डागांव।** रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर 2024 तक आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी साइट पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 24 मार्च 2025 को सुबह 6:30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है। वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग 1 मई 2025 से अलग–अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी।

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान की कटाई-मिंजाई के लिए 100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता - मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला–धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अमर रहे... बलिदान दिवस... अमर रहे...


बस्तर आराध्य माई दंतेश्वरी

कार्यक्रम
25 मार्च 2025
प्रातः 10:00 से 11:00 बजे
श्रद्धांजली



स्थल
माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने, प्रतिमा स्थल, जगदलपुर


राजमाता कृष्णकुमारी देवी


महाराजा कमल चंद्र भंजदेव

कर्मवीर हो, दानवीर हो, बस्तर के हो सूर्यवीर।
बस्तर आराध्य मांई दंतेश्वरी के हो प्रथम पुजारी।
बस्तर की भलाई के लिए बलिदान दिया जाने जग सारी।

बस्तर के लोकनायक, रथपति, माटी पुजारी, बस्तर के युग पुरुष, अमर शहीद
महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव जी
एवं बस्तर के हित में प्राणों का बलिदान करने वाले बस्तर हितैषी वीर श्रद्धेय शहीदों की
59वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर शत्-शत् नमन... श्रद्धांजलि

विनीतः
समस्त राजगुरू परिवार, समस्त कुंवर परिवार, समस्त सुकमा जमींदार परिवार, परलकोट जमींदार परिवार, कुटरू जमींदार परिवार, भोपालपटनम जमींदार परिवार,समस्त बैस मालगुजार परिवार, समस्त मालगुजार परिवार, समस्त जिया परिवार, राजपुरोहित परिवार, समस्त पुजारी परिवार, समस्त बस्तर परघन-मांझी-चालकी, पेरमा व पटेल, मेम्बर व मेम्बरिन, अब्दूल सलिम भाटी एवं बस्तर में निवासरत समस्त समाज

सौजन्यः महाराजा प्रवीर बस्तर विकास वाहिनी /प्रवीर सेना

## विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# जल संचयन हमारे जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी, विज्ञान सभा, और बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजीव गुहे ने की।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संचयन हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी-अपनी छत को साफ रखना चाहिए और उस पर बारिश से आने वाले पानी को पाइप की सहायता से धरती के अंदर तक पहुँचाना चाहिए। इससे हम जल की एक-एक बूंद को बचा सकते हैं और धरती के भीतर निर्मल जल के स्तर को ऊपर उठा सकते हैं।डॉक्टर गुहे ने आगे कहा कि सूखे पत्तों को जलाने से बचना होगा, और उनसे खाद बनाने के लिए महाविद्यालय कैंपस में पायलट प्रोजेक्ट बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी जल संचयन के लिए एकजुट होकर काम करेंगे, तो हम जल संकट को दूर कर सकते हैं और अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं।वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर गुलाब चंद साहू ने आंकड़ों पर आधारित जल संकट पर भारत एवं राज्यों की स्थिति पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा बताया कि आज हमारे देश के कुछ महानगर शुष्क क्षेत्र घोषित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के अन्य क्षेत्रों में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए हमें जल संरक्षण तथा जल संवर्धन के उपाय करने होंगे।

हमें जल की एक-एक बूंद बचानी होगी।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गुलाब चंद साहू ने किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर योगेंद्र मोतीवाला, श्रीमती बबीता दीवान, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, सुश्री ज्योति त्रिपाठी, श्रीमती वैशाली मांडवी, डॉक्टर प्रियंका शुक्ला, श्रीमती मनीषा नायडू, सुश्री पद्मिनी ठाकुर, डॉक्टर बृजेश गौतम, डॉक्टर आशीषधर दीवान, सुश्री जीविदा कोसले, श्रीमती तहसील सुल्ताना, श्रीमती तृप्ति खनंग, डॉक्टर बिंदु साहू, डॉक्टर हेमलता मिज, क्रीड़ा अधिकारी सत्यनारायण सोनंत एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रिंसी दुग्गा ने किया।

## माओवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 22 मार्च को जिला पुलिस बल, 2री वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए थाना चिंतागुफा अंतर्गत दुलेड कैम्प के मरकनगुड़ा जंगल क्षेत्र में रवाना हुए थे। अभियान के दौरान लगभग 8 बजे ग्राम मरकनगुड़ा के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे 6 भरमार बन्दूक, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया।

इसी क्रम में थाना चिंतागुफा अंतर्गत नवीन कैंम्प मेंट्टागुडा के जंगल क्षेत्र में रवाना हुये दल को 11:30 बजे ग्राम मेटागुड़ा के जंगल क्षेत्र में छिपाये हुए 3 बन्दूक, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामग्री मिला। सभी जवान सुरक्षित है, कैम्प वापस लौट आए हैं।

## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 21 मार्च को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 222 निरूद्ध बंदी पाये गये, एवं सभी बंदियों से पूछताछ की गई, जेल निरीक्षण के दौरान छेदिलाल टंडन उप जेल मुख्य पहरी एवं विशेषज्ञ समिति के बाडसे नागू सदस्य जेजेबी, राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कु. आनंदमई मल्लिक विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस्तर ब्लॉक के 61 संकुलों में हुई मूल्यांकन महापरीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत महा परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को बस्तर ब्लॉक के 61 संकुलों में एक साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित की गई। जिसके व्यवस्थित संचालन हेतु जिलास्तर,ब्लॉक स्तर व संकुल स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया गया था। कलेक्टर दने स्वयं उक्त परीक्षा का मुआयना किया गया। वही जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, ब्लॉक स्तर पर बीईओ, बीआरसी व विकास खण्ड परियोजना अधिकारी व एबीईओ द्वारा सभी केंद्रों का मोनिटरिंग किया गया। सभी केंद्रों में व्यवस्था चाक चौबंद पाई गई। बस्तर में 3000 का टारगेट प्राप्त हुआ था। जिसमें 993 पुरुष व 1631 महिलाओं ने उक्त महा परीक्षा में बढ़चढ़ कर भाग लिया और काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। सुबह से ही परीक्षा देने होड़ लगी थी। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर व परीक्षा प्रभारी ने बताया कि सभी 61 संकुलों में परीक्षा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया गया। इसमें सभी संकुल समन्वयकों व संकुल स्थित शालाओं के शिक्षको का विशेष योगदान था। जिला परियोजना कार्यालय द्वारा सभी सम्मिलित पर्यवेक्षकों को निर्धारित पारिश्रमिक प्रदाय किया जाएगा।

## धान खरीदी व परिवहन के लिए अलग अलग जिम्मेदारी तय करें सरकार: ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिला में आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित 30 धान उपार्जन केन्द्रो में कुल 5 लाख 54 हजार क्विंटल धान का उठाव आज पर्यंत नहीं किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि संपूर्ण बीजापुर जिला में आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित 30 धान उपार्जन केन्द्रो में लगभग 12 लाख क्विंटल धान की खरीदी किसानों से किया गया। इस खरीदे हुए धान का परिवहन कार्य 28 फरवरी तक तय समय सीमा के भीतर नहीं किये जाने से लेम्पस प्रबंधकों के सिर पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही किसान अपने खेत खलिहान से सीधे उपार्जन केन्द्रो मे लाकर धान का विक्रय तो कर देते हैं। लेकिन इस वक्त धान में नमी होने के कारण भंडारण किए हुए धान का परिवहन तय समय सीमा के भीतर नहीं किए जाने से धान सूखकर वजन घटने के साथ-साथ बे मौसम होने वाली बारिश से भी भीगकर खराब हो जाता है। चुंकि धान खरीदी से लेकर परिवहन तक की जिम्मेदारी आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों पर होने की वजह से सूक्ति से लेकर परिवहन तक के होने वाले समस्त नुकसानों की भरपाई भी समितियों को दी जाने वाली कमीशन की राशि से की जाती है, जिससे समितियों के पास बजट का अभाव होने के कारण आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हो पाता है।

ताटी ने यह भी कहा कि समितियों को मिलने वाली कमीशन राशि से भी जब नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती है। इन हालातों में संबंधित प्रबंधकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर वसूली करने का प्रावधान भी है। इन विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों के प्रति डटे रहने वाले प्रबंधकों की स्थिति अत्यंत चिंता जनक है। अंत में ताटी ने कहा सरकार को इस संबंध में गंभीरता से विचार करते हुए धान खरीदी तथा परिवहन के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय किए जाने की आवश्यकता है। ताकि समितियों मे कार्यरत प्रबंधक राहत की सांस ले सके।

## लैंगिक उत्पीड़न और संरक्षण विषय पर हुई जागरुकता कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली में रविवार को नये पुलिस भवन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा बचेली में महिलाओं का कार्यस्थल में लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध, एवं प्रतितोषण अधिनियम 2013 विषय पर कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अविनाश कुमार दुबे अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा उक्त विधिक विषय एवं महिलाओं से सम्बंधित अन्य कानून बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलु हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम पर व्यापक रूप से कानून की जानकारी दीं, तथा महिलाओं को उनकी अधिकारों से अवगत कराया। कार्यशाला में मुख्य रूप से बचेली से राजस्व विभाग,पुलिस विभाग,महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग,नगर पालिका, शिक्षा विभाग से अधिक से अधिक संख्या मे महिला अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर न केवल कानून क़े बारे मे जानकारी प्राप्त की बल्कि अन्य महिलाओं के मध्य भी उक्त कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## 26 लाख की 3 चारपहिया वाहन किराए पर लेकर ठगी मामले में 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जान पहचान वालों से चारपहिया वाहनें किराये में लगाने के नाम पर वाहन को लेकर फरार हो कर वाहन गिरवी रखकर पैसा लेने वाले आरोपी व सहआरोपी को परपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्रीमाल, डीएसपी लक्ष्मण पोटाई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परपा भोलासिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

- अमानत में खयानत मामले में गिरफ्तारआरोपी भेजे गए जेल


मामले में पुलिस ने दो आरोपी ग्रेससन पाणी 31 वर्ष निवासी शांतिनगर वार्ड आकाश नगर तथा गौतम पाण्डे 43 वर्ष निवासी इतवारी बाजार को गिरफ्तार किया है। अमानत में खयानत करने वाले आरोपियों द्वारा जान पहचान वालों से चार पहिया वाहन को किराये में लगाने के नाम पर वाहन को लेकर फरार हो कर वाहन गिरवी रखकर पैसा लिया जाता था। आरोपियों द्वारा 8-8 लाख रूपए कीमत की स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 17 केवाय 7174, स्वीप्ट डिजायर क्रमांक सीजी 17 केई 6753 तथा अर्टिका कार क्रमांक सीजी 04 एलबी 0664 कीमत लगभग 10 लाख रूपए किराए में लेकर ठगी करने की रिपोर्ट 2 दिसम्बर 2024 को प्रार्थिया यशवंती कश्यप निवासी ग्राम आरापुरपारा थाना परपा तथा प्रार्थी सूर्यपाल शर्मा ने दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी ग्रेससन पाणी उर्फ जान व सहआरोपी गौतम पाण्डे के द्वारा वाहनों को एनएमडीसी व जिला पंचायत में किराए में लगाने के नाम पर लेकर फरार हो गया है। मामले में परपा पुलिसने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया की उसकी प्रार्थिया यशवंती कश्यप से पहले से जान पहचान थी उन्होनें प्रार्थिया को विश्वास में लेकर कार को एनएमडीसी नगरनार में किराये पर लगवाने की बात बोलकर लेकर फरार हो गए थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### दो कार बरामद तीसरे की तलाश

पुलिस ने आरोपियों द्वारा छुपाकर रखे गए तीन कार में से दो कार को बरामद कर लिया है। आरोपी ग्रेसन पाणी द्वारा सहआरोपी गौतम पाण्डे के पास एक लाख रूपए में गिरवी रखवाया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी व सहआरोपी के कब्जे से दो कार बरामद कर जब्त किया है वहीं तीसरे कार की तलाश कर रही है। कार्रवाई में परपा थाना प्रभारी निरीक्षक भोलासिह राजपूत बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर, निरीक्षक सायबर सेल सुरेश जांगडे, प्रधान आरक्षक लवण पानीग्राही, सुधीर मिश्रा व चोवादास गेंदले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महाराजा प्रवीरचंद्र की 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महाराजा प्रवीर बस्तर विकास वाहिनी, प्रवीर सेना द्वारा बस्तर के लोकनायक, माटी पुजारी अमर शहीद महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की शहादत की वर्षगांठ, 59 वीं पुण्यतिथि पर 25 मार्च को बलिदान दिवस के अवसर पर दिवंगत लोकनायक महाराजा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन प्रतिमा स्थल, माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 10 से 11 बजे तक किया जा रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि बस्तर के इतिहास के युगपुरूष स्व. महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव विभिन्न समाज तथा आदिवासी समुदाय के व्यापक हितों एवं बस्तर के जल जंगल जमीन की अक्षुण्णता को बनाए रखने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। बस्तर के अमूल्य वन एवं खनिज तथा बैलाडिला के लोहे की खदानों को निजाम के चंगुल से बचाते हुए एवं विरोधी ताकतों से लोहा लेते हुए महाराजा ने इन अमूल्य संपदाओं को बस्तर के नक्शें में समाहित कराया जो समुचे छतीसगढ के लिए युगों-युगों तक जीवनदायिनी का काम करता रहेगा। यह महानतम कार्य ही उनके बलिदान का मुख्य कारण रहा। ऐसा जघन्य हत्याकाण्ड जिसमें स्वर्गीय महाराजा के साथ असंख्य बस्तर-वासियों ने बस्तर के हितों की लड़ाई में अपनी शहादत दी, अपने आप में विश्व की ऐतिहासिक घटना मानी जाती है।

## 15 पेटी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भानपुरी पुलिस ने नंदपुरा में रेड कार्रवाई करते हुए खेत बाड़ी में डंप कर रखा गया एमपी की 135 बल्क लीटर शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

अवैध शराब की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने निरीक्षक अमित पद्मशाली थाना प्रभारी भानपुरी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को ग्राम नंदपुरा माता मंदिर के पीछे खेत बाड़ी में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री के लिए डम्प करके रखा होने की सूचना मिली थी। टीम द्वारा रेड के दौरान आरोपी दीपेन्द्र मौर्य 24 वर्ष निवासी बनियागांव ब्राम्हणपारा के कब्जे से 15 पेटी गोवा व्हीस्की कुल 135.000 बल्क लीटर के अलावा 7 नग पौवा 1.260 बल्क लीटर 136.260 बल्क लीटर कीमत 1 लाख 2195 रूपए के अलावा एक बाईक व मोबाईल जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अमित पद्मशाली के अलावा एसआई शत्रुघन नाग, प्रधान आरक्षक राधेलाल कोर्राम, सुन्दर बघेल, बबलू ठाकुर, आरक्षक प्रेमू वर्मा, महेन्द्र शोरी, संदीप सलाम, छबिलाल सोम, अशोक खाखा व गौरीशंकर बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंदिरों को तोड़ना भाजपा का चरित्र उजागर




**जगदलपुर।** राजीव भवन में रविवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही शहर में अशांति फैलाई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बस्तर की शांत फिजा में जहर घोलने का पुरजोर कार्य कर रही है। हिन्दू हित की बात करने वाली भाजपा सरकार हिन्दूयों के साथ क्या कर रही है, यह पूरा शहर और शहर की जनता देख रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप और भाजपा के महापौर संजय पांडे है। सुंदरकांड पाठ के साथ एमआईसी का गठन किया गया ताकि आगे के कार्य बेहतर रूप से संचालित हो, परंतु इनके बनने के दो दिन पश्चात ही पंडित सुंदरलाल शर्मा कई वर्षों की माता मंदिर के शेड को तोड़ दिया गया जिससे शहर में अशांति फैली साथ ही लालबाग में स्थित मंदिर शेड को भी तोड़ दिया गया। कुल मिलाकर भाजपा के नेतागण स्पष्ट करे कि ये कौन सा विकास का पैमाना है। इस दौरान राजेश चौधरी, राजेश राय, रविशंकर तिवारी, लता निषाद, जाहिद हुसैन, कोमल सेना, सुषमा सुता, ललिता राव, असीम सुता, शादाब अहमद आदि मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया बार एग्जाम में आदिवासी युवा छात्र संगठन के सचिव रूपसिंह को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड के ग्राम संघ करमरी के निवासी रूपसिंह बघेल ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर से ऑल इंडिया बार परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है। रूपसिंह आदिवासी युवा छात्र संगठन के सचिव हैं। रुपसिंह ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर नीयत और मेहनत सही हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रूपसिंह की इस सफलता ने आदिवासी समुदाय के बीच एक नई उम्मीद और प्रेरणा की किरण जगाई है। उनका यह संघर्ष और सफलता यह साबित करती है कि समाज में हर वर्ग और जाति के लोग समान अवसरों के साथ सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। आदिवासी समाज के लिए यह एक नई दिशा है, जहां पर शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से वे अपने अधिकारों और पहचान के लिए संघर्ष कर सकते हैं। रूपसिंह बघेल का मानना है कि शिक्षा और कानून की समझ हर समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उनका उद्देश्य आदिवासी समुदाय को न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

## 212 बटालियन ने 86वीं स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**कोंटा।** 212 बटालियन केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल द्वारा किस्टारम क्षेत्र के सभी कैम्पों में 86 वें स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर 212 वीं वाहिनी के कमांण्डेट दिपक कुमार श्रीवास्तव के द्वारा मुख्यालय येटापक्का में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। आला अधिकारी व जवानों को कमाण्डेन्ट ने बल के द्वारा अर्जित की गई सफलताओं के बारे में संबोधित किया। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा बड़े खाने का आयोजन भी किया गया।

